विषय परिचय:

प्रिय विद्यार्थियों, जैसा की आप सभी जानते हैं कि समूचा विश्व कोरोनावायरस की महामारी से जूझ रहा है। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं रहा है। शासन, प्रशासन एवं डॉक्टर्स हमें इस महामारी से बचाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं और लॉक डाउन इसी कड़ी में उठाया गया एक आवश्यक कदम है।

इस लॉक डाउन की वजह से आपकी पढ़ाई में अनचाहा व्यवधान आया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आपके अध्ययन में आए व्यवधान को दूर करने के लिए ऑनलाइन शिक्षा एवं ऑनलाइन पठन सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयास किए हैं। जिससे विद्यार्थियों को इस समय के सदुपयोग में मदद मिल सके एवं वे सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए तैयारी कर सकें।

डीसीए पाठ्यक्रम में **डीटीपी विथ पेजमेकर एंड फोटोशॉप** का कोर्स एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक हिस्सा है। पाठ्यक्रम की गहराई में जाने से पहले यह जानना आवश्यक है कि आखिर क्यों हम इस प्रश्न पत्र को पढ़ रहे हैं।

डीटीपी एक ऐसी विधा है जिसकी बाजार में बहुत मांग है। इस विधा में न केवल बहुत सारे रोजगार उपलब्ध हैं बल्कि इस विधा को अच्छे से सीख कर स्वरोजगार भी आरंभ किया जा सकता है। डीटीपी विधा में स्वरोजगार बहुत कम संसाधनों में ही शुरू किया जा सकता है। इन संसाधनों में सबसे महत्वपूर्ण हैं एक कंप्यूटर, प्रिंटर एवं स्कैनर। इसके अतिरिक्त कुछ स्किल्स जैसे हिंदी एवं अंग्रेजी में टाइपिंग के साथ कुछ सॉफ्टवेयरों के ज्ञान की भी आवश्यकता है जो आप इस पाठ्यक्रम के दौरान अर्जित करेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण एडोब पेजमेकर जैसे पेज मेकिंग सॉफ्टवेयर एवं एडोब फोटोशॉप जैसे फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर में दक्षता प्राप्त करना है। प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग प्रक्रिया का ज्ञान डीटीपी विधा के के ज्ञान को पूर्ण करता है।

इस कोर्स की पहली यूनिट में आप डीटीपी, उसके उपयोग, उसकी आवश्यकता, उसके लिए आवश्यक संसाधन एवं प्रिंटिंग तकनीक की बेसिक जानकारी का ज्ञान अर्जित करेंगे।

कोर्स की दूसरी और तीसरी यूनिट पेजमेकर सॉफ्टवेयर को समर्पित है। इनके अध्ययन के दौरान आप पेजमेकर सॉफ्टवेयर को उपयोग करने की बारीकियां सीखेंगे। इसे पढ़ते हुए आपके लिए पेजमेकर सॉफ्टवेयर पर प्रैक्टिस भी आवश्यक होगी जिससे आप इसका प्रायोगिक ज्ञान एवं दक्षता अर्जित कर सकें।

डेस्कटॉप पब्लिशिंग के क्षेत्र में पेजमेकर एक अग्रणी सॉफ्टवेयर रहा है। पेजमेकर सॉफ्टवेयर का निर्माण एल्डस कंपनी ने 1985 में एप्पल मैकिनटोश कंप्यूटरों के लिए किया था परन्तु बाद में एडोबी कंपनी ने इसका अधिग्रहण कर लिया। पेजमेकर का उपयोग विजिटिंग कार्ड्स, बायो डेटा, किताबें, मैगज़ीन, अखबार, लैटर पैड, पैम्पलेट, रिपोर्ट्स, थीसिस इत्यादि को डिज़ाइन करने तथा पब्लिश करने में किया जाता है।

डीटीपी कार्य के लिए अनेकों सॉफ्टवेयर उपलब्ध रहे हैं परन्तु एडोब पेजमेकर सीखने - कार्य करने की आसानी एवं अपने फीचरों की वजह से विशेष तौर पर लोकप्रिय रहा है । उपयोगकर्ता इसे डीटीपी के लिए सबसे आसान और उपयोगी सॉफ्टवेयर मानते हैं।

कोर्स की चौथी एवं पांचवीं यूनिट एडोब फोटोशॉप सॉफ्टवेयर के लिए समर्पित हैं। इन यूनिट्स में आपको ग्राफिक्स के निर्माण की बारीकियां, प्रचलित फाइल फॉर्मैट्स के साथ फोटोशॉप सॉफ्टवेयर के विभिन्न टूल्स एवं उनका उपयोग कर ग्राफिक्स बनाने की विभिन्न तकनीकों का ज्ञान प्राप्त होगा।

आपने सोशल मीडिया पर कई एडिटेड इमेज देखी होंगी जिन्हें "फोटोशॉपड" कह कर संबोधित किया जाता है। यह संबोधन ही एडोब फोटोशॉप के ग्राफ़िक्स की दुनिया में महत्त्व हो रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है। एडोब फोटोशॉप एक फोटो एडीटिंग, करेक्शन तथा ग्राफ़िक डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर है। यह दुनियाभर में फोटो एडिट करने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला तथा सबसे लोकप्रिय सॉफ्टवेयर है। इसकी सहायता से किसी भी फोटो में इफेक्ट्स डालने के साथ-साथ कई सारे परिवर्तन किये जा सकते हैं। इसका यूजर इंटरफेस बहुत ही सहज और सरल है। इसने एडोब फोटोशॉप को मार्केट लीडर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एडोब फोटोशॉप की सहायता से ग्राफ़िक्स को कई अन्य तरह के फाइल फॉर्मेट में सेव भी किया जा सकता है। जिससे इन्हें अन्य प्रयोजनों के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।

इस सॉफ्टवेयर में दक्षता आपके लिए रोजगार के बहुत सारे अवसर खोल सकती है। दुनियाभर में एडोब फोटोशॉप के माध्यम से बहुत से लोग व्यवसाय भी कर रहे हैं, और अच्छी खासी कमाई भी कर रहे हैं। इसलिए यह जरूरी होगा कि आप इस सॉफ्टवेयर का एकाग्र चित्त से अध्ययन करें, इसकी प्रैक्टिस करें और दक्षता प्राप्त करें।

आप सभी को शुभकामनाएं।